सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 10 मार्च, 2022

सर्वश्री जनक सिंह, पन्ना लाल सिंह पटेल एवं अन्य चार सभासदों से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना पर सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) की ओर से वक्तव्य ।

अध्यक्ष : माननी सदस्य श्री जनक सिंह की सूचना पढ़ी गई है । माननीय प्रभारी मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग ।

श्री श्रवण कुमार, मंत्री : महोदय, इसका भी जवाब कल ही होगा, माननीय मंत्री काउंसिल में हैं ।

सर्वश्री प्रहलाद यादव, विजय कुमार एवं अन्य दो सभासदों से प्राप्त ध्यानाकर्षण तथा उसपर (राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग) की ओर से वक्तव्य ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्य श्री प्रहलाद यादव अपनी सूचना को पढ़ें । माननीय सदस्य श्री विजय कुमार, माननीय सदस्या श्रीमती अनिता देवी, माननीय सदस्य श्री रामवृक्ष सदा अपनी सूचना को पढ़ें । नहीं हैं ।

सर्वश्री ललित कुमार यादव, कुमार सर्वजीत एवं अन्य छः सभासदों से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना तथा उसपर सरकार (गृह विभाग/खान एवं भूतत्व विभाग) की ओर से वक्तव्य ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव अपनी सूचना को पढ़ें । श्री कुमार सर्वजीत, श्री समीर कुमार महासेठ, श्री अली अशरफ सिद्दिकी, श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह, श्रीमती रेखा देवी, श्री मुकेश कुमार रौशन, श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन ।

अनुपस्थित ।

अब सदन की सहमति से शून्यकाल लिये जायेंगे ।

शून्यकाल

अध्यक्ष : श्री महा नंद सिंह ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री भरत बिन्द ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री मुकेश कुमार यादव ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्री मिथिलेश कुमार : माननीय अध्यक्ष महोदय, सीतामढ़ी जिला के जिला मुख्यालय में अवस्थित डुमरा प्रखण्ड-सह-अंचल परिसर की भवनें एवं सड़कें जीर्णशीर्ण अवस्था में हो गई हैं । सरकार जनहित में सभी भवनों एवं सड़कों का नवनिर्माण अविलम्ब करायें ।

अध्यक्ष : श्री अनिल कुमार साहनी ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्री ललन कुमार : माननीय अध्यक्ष महोदय, सरकार से स्नातक शिक्षा प्राप्त राज्य के सभी बेरोजगार युवक एवं युवतियों को नियमित मासिक बेरोजगारी भत्ता देने की मांग करता हूँ ।

श्री इजहारूल हुसैन : माननीय अध्यक्ष महोदय, किशनगंज जिलान्तर्गत मारवाड़ी कॉलेज, किशनगंज (अंगीभूत इकाई) को कला संकाय के तीन विषयों- समाजशास्त्र, भूगोल एवं गृह विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय में स्नातक पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक संबंधन प्रदान नहीं होने के कारण हजारों छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं ।

अत: मैं उपरोक्त विषयों में संबंधन प्राप्त करने की मांग करता हूँ ।

श्री ललित नारायण मंडल : अध्यक्ष महोदय, भागलपुर जिला के सुल्तानगंज प्रखण्ड के प्राथमिक विद्यालय गोरियासी को अतिक्रमण मुक्त करा कर विद्यालय भवन का निर्माण कराया जाय।

श्री मुरारी मोहन झा : माननीय अध्यक्ष महोदय, पूरे बिहार में संविदा पर जो कर्मचारी कई वर्षों से नियमित रूप से कार्य कर रहे हैं, इन सभी कर्मचारियों को नियमितीकरण के साथ-साथ मानदेय जल्द-से-जल्द दिया जाय यह मैं मांग करता हूँ ।

श्री सुरेन्द्र मेहता : अध्यक्ष महोदय, बेगूसराय जिलान्तर्गत बछवाड़ा प्रखंड के दादुपुर पंचायत के श्रवण टोल से रतुल्लहपुर तक बनाये जा रहे पथ में घोर अनियमितता की जाँच करते हुए दोषी संवेदक के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए उसके लाइसेंस को रद्द करने की मांग सरकार से करता हूँ ।

श्री मिश्री लाल यादव : माननीय अध्यक्ष महोदय, दरभंगा जिला के तारडीह प्रखण्ड के ग्राम लगमा में संस्कृत ब्रह्माचार्याश्रम महाविद्यालय, लगमा है । जिसमें प्राचीन गुरूकुल शिक्षा के तहत संस्कृत भाषा में इंटरमीडिएट से पी0एच0डी0 की शिक्षा दी जाती है। उक्त महाविद्यालय

को केन्द्रीय विद्यापीठ का दर्जा दिलाने हेतु केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजने की मांग सरकार से करता हूँ ।

श्री अरूण शंकर प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर एवं देवधा थाना के सीमावर्ती गाँवों में चोरी-डकैती एवं संज्ञेय अपराध की घटना में विगत कुछ दिनों से बेतहाशा वृद्धि हुई है, आमलोग दहशत में हैं । शीघ्र नियंत्रित करने की मांग सरकार से करता हूँ ।

श्री सुनील मणि तिवारी : अध्यक्ष महोदय, वर्ष 2010 में एक साथ ही राज्य योजना के तहत कृषि सलाहकार एवं केन्द्र योजना के तहत विषय वस्तु विशेषज्ञ को नियोजित किया गया था । विषय वस्तु विशेषज्ञ को सृजित कर स्थायी नियुक्ति कर दी गई ।

अतः मैं सदन से कृषि सलाहकार को भी स्थायी नियुक्ति करने की मांग करता हूँ ।

अध्यक्ष : श्री विजय कुमार मंडल ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्रीमती मंजु अग्रवाल ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्री विद्या सागर केशरी : अध्यक्ष महोदय, अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के हलाहलिया पंचायत के लहसनगंज से खवासपुर जानेवाली सड़क में पनार नदी पर एवं हरिपुर पंचायत के कन्या विद्यालय चौक से ढोलबज्जा एन0एच0-57 जानेवाली सड़क में सीताधार पर पुल नहीं रहने से बरसात में नाव का सहारा लेना पड़ता है । सदन से पुल निर्माण की मांग करता हूँ ।

श्री मोहम्मद अनजार नईमी : माननीय अध्यक्ष महोदय, किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज विधानसभा के निशन्द्रा पंचायताधीन मालाटोला टंगटगी धार में 2009 में ध्वस्त हुई पुलिया का निर्माण नहीं होने से हजारों परिवारों का चचरी ही एक मात्र सहारा है । वर्षा ऋतु में दर्जनों गांव टापू में बदल जाती है । मैं जनहित में पुलिया निर्माण की मांग करता हूँ ।

अध्यक्ष : श्री अमरजीत कुशवाहा ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री भूदेव चौधरी ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री सउद आलम ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्री रामचन्द्र प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, दरभंगा के हायाघाट विधान सभा में राज्य सरकार द्वारा पांच स्वास्थ्य उपकेन्द्र एवं एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु दिनांक-02. 11.2021 को प्रस्तावित चयनित स्थल प्रेषित की गई परन्तु अंचलाधिकारी द्वारा अभी तक चयनित स्थल की सूची सरकार को उपलब्ध नहीं कराया गया है ।

अतः सरकार गैर-जिम्मेदार अंचलाधिकारी पर कार्रवाई करें ।

डॉ0 निक्की हेम्ब्रम : माननीय अध्यक्ष महोदय, कटोरिया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत घोरमारा पंचायत के कड़वामारनी ग्राम के पास जोर में पुल का निर्माण होने से लीलावरन, कड़वामारनी एवं नीमाबरन गांव के लोगों को रास्ता उपलब्ध हो सकेगा ।

अतः कड़वामारनी जोर में पुल निर्माण की मांग करती हूँ ।

अध्यक्ष : श्री छोटे लाल राय ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्री कृष्णनंदन पासवान : अध्यक्ष महोदय, पंचायती राज व्यवस्था के अधीन ग्राम कचहरी के पंच, सरपंच का मौलिक अधिकार में हथकड़ी, विधान परिषद् चुनाव में मतदान का अधिकार, न्यायकर्मी जैसी सुविधा, चौकीदार द्वारा सहयोग, पेंशन की सुविधा, विकासात्मक कार्यों में भागीदारी देने की सरकार से मांग करता हूँ ।

अध्यक्ष : श्री महबूब आलम ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री विनय कुमार ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्रीमती गायत्री देवी : अध्यक्ष महोदय, सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अंतर्गत कुम्भा-बेला पथ निर्माण विभाग की सड़क है, सड़क पर गन्दी पानी का बहाव रहता है जिससे लोगों को चलने में कठिनाई होती है ।

अतः कुम्भा बेला पथ के परिहार एवं मानिकपुर-मुशहरनियां गांव में सड़क किनारे नाला का निर्माण कराने की मांग सरकार से करती हूँ ।

अध्यक्ष : श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्री अमन भूषण हजारी : अध्यक्ष महोदय, दरभंगा जिला के कुशेश्वर स्थान विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत सभी पी0एच0सी0 में दो-दो एम्बुलेंस की मांग करता हूँ ।

टर्न-10/संगीता/10.03.2022

अध्यक्ष : श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्री विनय कुमार चौधरी : अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री ग्राम-संपर्क योजना अन्तर्गत बेनीपुर प्रखण्ड के मायापुर रोड से लक्ष्मणपुर भाया कोठबन्ना तक का शिलान्यास का वर्षों बीत जाने के बाद निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है । अविलम्ब निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाय ।

श्री मुहम्मद इजहार असफी : अध्यक्ष महोदय, 15 फरवरी, 2011 को बिहार सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि 2459+1 मदरसा को अनुदान की श्रेणी में लिया जाएगा । मगर बीते 10 सालों में सिर्फ 814 मदरसा को ही अनुदान की श्रेणी में लिया गया है ।

अतः मैं सरकार से बचे हुए 1646 मदरसा को भी अविलम्ब अनुदान श्रेणी में लाने की मांग करता हूं ।

अध्यक्ष : श्री अवध विहारी चौधरी ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्री जय प्रकाश यादव : माननीय अध्यक्ष महोदय, अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखण्ड के खाबदह पंचायत में MMGSY रोड उमेश मंडल के घर से राजू यादव के घर गड़गामा रोड तक सड़क निर्माण की मांग सदन के माध्यम से करता हूं ।

अध्यक्ष : श्री संजय कुमार गुप्ता ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री मोहम्मद कामरान ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्री राम सिंह : माननीय अध्यक्ष महोदय, प0 चंपारण जिलान्तर्गत बगहा नगर में बस स्टैण्ड नहीं होने के कारण नगरवासियों / यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । बरसात एवं जाड़े के दिनों में यात्रियों को सड़क किनारे से बसों का इंतजार करना पड़ता है । अतः जनहित में बस स्टैण्ड बनाने की मांग करता हूं ।

श्रीमती ज्योति देवी : माननीय अध्यक्ष महोदय, गया जिलान्तर्गत प्रखण्ड-बाराचट्टी के ग्राम-पड़िया में 2016 में, विद्यालय में पठन-पाठन के समय अनियंत्रित ट्रक के घुसने से चार बच्चों की मृत्यु हो गयी । तब से वहां पठन-पाठन बंद है । बच्चों को दूर के विद्यालय में जाना पड़ता है । विद्यालय भवन का निर्माण कराने की मांग सदन से करती हूं ।

अध्यक्ष : श्री प्रकाश वीर ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्रीमती विभा देवी ।

(माननीय सदस्या अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री सुर्यकान्त पासवान ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्री पवन कुमार जायसवाल : अध्यक्ष महोदय, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सरपंच, उप सरपंच, पंच, प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, जिप अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पार्षद, नगर निकाय के मेयर, उप मेयर, मुख्य पार्षद, उप मुख्य

पार्षद के मानदेय को महंगाई को देखत हुए तीन गुणा राज्य सरकार से शीघ्र करने की मांग करता हूं ।

श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी : अध्यक्ष महोदय, ग्राम- नोनिया टांड़, महादलित टोला, पंचायत-खैरा, प्रखण्ड-खैरा, जिला-जमुई को नहर पार कर आना-जाना पड़ता है । बरसात के दिनों में घोर परेशिानियों का सामना करना पड़ता है । इसलिए ग्राम-नोनियाटांड़, महादलित टोला के सामने नहर पर आवागमन हेतु पुल निर्माण कराने की मांग सरकार से करता हूं ।

श्री प्रणव कुमार : अध्यक्ष महोदय, मुंगेर जिला के टीकारामपुर पंचायत में पुलिस ओपी नहीं है । पिछले कुछ दिनों से आपराधिक घटनाएं काफी बढ़ गई हैं ।

अतः सदन के माध्यम से सरकार से टीकारामपुर में पुलिस ओपी का निर्माण करवाने की मांग करता हूं ।

अध्यक्ष : श्री राजेश कुमार सिंह ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री गोपाल रविदास ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्रीमती भागीरथी देवी : अध्यक्ष महोदय, बेतिया जिलान्तर्गत प्रखण्ड रामनगर में निबंधन कार्यालय की अनिवार्यता है यहां के ग्रामीण नागरिक को लगभग 30-40 कि0मी0 दूरी तय करनी पड़ती है, मैं सरकार से मांग करती हूं ।

श्री संजय सरावगी : अध्यक्ष महोदय, दरभंगा जिला के सदर प्रखण्ड के शहवाजपुर में मध्य विद्यालय, मब्बी का उच्च माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमण हेतु जिलाधिकारी, दरभंगा की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा छः माह पूर्व अनुशंसा की गई । उक्त विद्यालय को +2 माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमण कर भवन निर्माण की मांग करता हूं ।

श्री कुंदन कुमार : अध्यक्ष महोदय, बेगूसराय जिला एक औद्योगिक क्षेत्र है, जिसके अन्तर्गत रिफाइनरी, एच0यू0आर0एल0 एवं एन0टी0पी0सी0 में कार्यरत कर्मियों के ईलाज एवं स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु बेगूसराय में ई0एस0आई0सी0 अस्पताल खोलने हेतु सरकार से मांग करता हूं ।

अध्यक्ष : श्री रामबली सिंह यादव ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री अरूण सिंह ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्रीमती रेखा देवी ।

(माननीय सदस्या अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री सत्यदेव राम ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री संदीप सौरभ ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री अजीत कुमार सिंह ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री ऋषि कुमार ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्रीमती अरूणा देवी : अध्यक्ष महोदय, नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखण्ड के विद्यालय विहीन 1000 की आबादी वाले गांव ठेरासराय में प्राथमिक विद्यालय खोलने की मांग करती हूं ।

श्रीमती नीतु कुमारी : अध्यक्ष महोदय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल नवादा के पैकेज सं0-BR-25R-065 वर्ष 2016 में हुई पथ निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार नहीं कराया गया है । संवेदक एवं विभाग के मिलीभगत से स्थल में भी बदलाव किया गया है । अभी तक कार्य भी अपूर्ण है ।

उक्त पथ की गहन जांच करवाने की मांग करती हूं ।

अध्यक्ष : श्री राम रतन सिंह ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री राकेश कुमार रौशन ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री राजेश कुमार गुप्ता ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्री पंकज कुमार मिश्र : अध्यक्ष महोदय, सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड अन्तर्गत मनिकचौक उत्तरी पंचायत के वार्ड-10 में भोरहा नदी पुल पहले से टूटे हुए सड़क में पी0सी0सी0 पुलिया का निर्माण कराने की मांग करता हूं ।

श्री मोहम्मद इसराइल मंसूरी : (माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्री मुरारी प्रसाद गौतम : अध्यक्ष महोदय, नगर पंचायत चेनारी अंतर्गत नारायणपुर ग्राम निवासी केश्वर राम की विगत दिनों कुदरा-चेनारी पथ से नारायणपुर-किनरचोला पथ पर स्थित नवाडीह पुल से गिरकर मौत हो गई, पहले भी यहां कई घटना हो चुकी है ।

उक्त पुल की चौड़ीकरण, पुल पर पारापेट दीवार निर्माण कराने की मांग करता हूं ।

अध्यक्ष : श्री शमीम अहमद :

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री विनय बिहारी ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री मनोज कुमार यादव ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री चंद्रहास चौपाल ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री मनोज मंजिल ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री भीम कुमार सिंह ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री सुधाकर सिंह ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री राम विशुन सिंह ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री सुदामा प्रसाद ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्री कुमार शैलेन्द्र : माननीय यशस्वी अध्यक्ष महोदय, भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के नरकटिया से नन्हकार तक जमींदारी बांध है । नरकटिया के पास बांध पूर्णतः धंस गया है ।

अतः बरसात के पहले नरकटिया बांध का जल्द से जल्द मरम्मति हो सरकार से मांग करता हूं ।

श्री पवन कुमार यादव : माननीय अध्यक्ष महोदय, भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगांव प्रखंड के शाहपुर स्थित मध्य विद्यालय शाहपुर में कमरों की संख्या कम रहने के कारण तीन कमरों में कक्षा 1 से 8 तक के 573 बच्चे पढ़ते हैं, उक्त विद्यालय में आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त कमरों सहित भवन निर्माण की सरकार से मांग करता हूं ।

श्री विजय शंकर दूबे : अध्यक्ष महोदय, 105 साल पुराने बापू के प्रथम बुनियादी स्कूल से महात्मा गांधी का नाम गायब कर अब उच्चतर उत्क्रमित विद्यालय बड़हरवा लखन सेन बना दिया गया है । शिक्षा विभाग व अधिकारियों इस कारनामे पर विद्यालय के नाम से गांधी शब्द विलोपित कर दिया जाना कहीं से न्यायोचित नहीं है ।

इस भयंकर भूल को सुधारने तथा की गयी लापरवाही की ओर ध्यान आकृष्ट करता हूं ।

अध्यक्ष : श्री राजवंशी महतो ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अध्यक्ष : श्री सत्तानंद सम्बुद्ध उर्फ ललन ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्रीमती रश्मि वर्मा : माननीय अध्यक्ष महोदय, नरकटियागंज नगर परिषद क्षेत्र में अवस्थित हाई स्कूल के ग्राउण्ड में स्टेडियम बनाने के लिए मैं सदन के माध्यम से मांग करती हूं ताकि खिलाड़ियों के कौशल एवं प्रतिभा का विकास हो सके ।

अध्यक्ष : अब सभा की कार्यवाही 2.00 बजे दिन तक के लिए स्थगित की जाती है ।